NEWS CLIPPING: 09.03.2018

AMAR UJALA

सम्मानित कुलपति।

PUNJAB KESARI

निःशुल्क जागरूकता शिविर का आयोजन

फरीदाबाद, 8 मार्च (ब्यूरो): वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के महिला कल्याण प्रकोष्ठ द्वारा विश्वविद्यालय चिकित्सा केन्द्र के सहयोग से अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के पलक्ष्य में नि:शुल्क स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में 150 से अधिक छात्राओं एवं महिला शिक्षकों ने लाभ उठाया। इससे पूर्व कुलपति प्रो दिनेश कुमार ने शिविर का उद्घाटन किया तथा महिला दिवस स्वास्थ्य जागरूकता शिविर के आयोजन को एक सार्थक पहल बताया। कार्यक्रम का संयोजन महिला कल्याण प्रकोष्ठ की अध्यक्ष डॉ अंजू गुप्ता तथा उप अधिष्ठाताए छात्र कल्याण डॉ सोनिया बंसल ने किया।

कुलपति ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन महिलाओं को प्रेरित करने तथा समाज में उनके योगदान को मान्यता देने के उद्देश्य से किया जाता है।

पंजाब केसरी ई-पेपर Fri, 09 Ma epaper.pun

NEWS CLIPPING: 09.03.2018

DAINIK JAGRAN

वाइएमसीए विवि में जागरूकता शिविर आयोजित

जासं, फरीदाबाद : वाइएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के महिला कल्याण प्रकोष्ठ द्वारा विश्वविद्यालय चिकित्सा केंद्र के सहयोग से अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में निःशुल्क स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में 150 से अधिक छात्राओं एवं महिला शिक्षकों ने लाभ उठाया।

कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने शिविर का उद्घाटन किया। कार्यक्रम का संयोजन महिला कल्याण प्रकोष्ठ की अध्यक्ष डॉ. अंजू गुप्ता तथा उप अधिष्ठाता, छात्र कल्याण डॉ. सोनिया बंसल ने किया। शिविर के दौरान स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. रूपाली तथा डॉ. पुनीता ने छात्राओं की स्वास्थ्य जांच की तथा चिकित्सा परामर्श दिया। इस दौरान निःशुल्क रक्तचाप जांच तथा रक्त जांच भी की गई।

HINDUSTAN

छात्राओं-शिक्षकों का स्वास्थ्य जांचा

वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में महिला कल्याण प्रकोष्ठ की ओर से स्वास्थ्य केंद्र के सहयोग से नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इसमें 150 से अधिक छात्राएं और महिला शिक्षकों ने हिस्सा लिया। इसका शुभारंभ कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने किया। कार्यक्रम का संयोजन महिला कल्याण प्रकोष्ठ की अध्यक्ष डॉ. अंजू गुप्ता व उपअधिष्ठाता डॉ. सोनिया बंसल ने किया।

DAINIK BHASKAR

छात्राओं के स्वास्थ्य की जांचः वाईएमसीए विश्वविद्यालय के महिला कल्याण प्रकोष्ठ ने छात्राओं के लिए शिविर लगाया। इसका 150 से अधिक छात्राओं एवं महिला शिक्षकों ने लाभ उठाया।